भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3148

06 अगस्त, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

एससीएम के तहत लक्ष्य

3148. श्री गुरमीत सिंह मीत हायेरः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) स्मार्ट सिटीज मिशन की मूल समय-सीमा, उसमें दिये गए विस्तार तथा इसे पूरा करने के लिए अंतिम निर्धारित तिथि क्या है;

(ख) मिशन के अंतर्गत आवंटित, जारी की गई तथा व्यय की गई निधियों तथा सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से जुटाई गई पूंजी का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) सौ स्मार्ट शहरों में स्वीकृत, पूर्ण तथा वर्तमान में चल रही परियोजनाओं की कुल संख्या कितनी है तथा सर्वाधिक परियोजना पूर्णता दर वाले शहरों के नाम क्या हैं;

(घ) एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र, स्मार्ट सड़कों तथा सुरक्षा नेटवर्क के संबंध में प्राप्त वास्तविक उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) विशेष प्रयोजन माध्यम (एसपीवी) के अधिकारियों के लिए प्रशासनिक स्थिरता एवं निश्चित कार्यकाल सुनिश्चित करने हेतु सरकार द्वारा किए गए उपायों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ आयोजित स्थानीय परामर्श बैठकों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) को मूल रूप से दिनांक 31.03.2020 तक अनुमोदित किया गया था, जिसे चार बार बढ़ाकर 31.03.2025 तक कर दिया गया।

(ख) और (ग) स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के अंतर्गत, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, दिनांक 31.03.2026 तक 1,64,811 करोड़ रु. लागत की कुल 8,064 परियोजनाएं शुरू की गईं, जिनमें से 1,56,257 करोड़ रु. लागत की 7,790 परियोजनाएं पूर्ण की जा चुकी हैं। स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत, केंद्र सरकार के 48,000 करोड़ रु. के आवंटन में से शहरों द्वारा 47,458 करोड़ रु. की केंद्रीय वित्तीय सहायता (अर्थात् शहरों के लिए कुल केंद्रीय अंश आवंटन का 99%) का दावा किया जा चुका है। दिनांक 31.03.2026 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के

अनुसार, 46,377 करोड़ रु. की राशि (अर्थात् शहरों के लिए जारी की गई कुल केंद्रीय वित्तीय सहायता का 98%) का उपयोग किया जा चुका है ।

सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत, 9,277 करोड़ रुपये की कुल 197 परियोजनाएं शुरू की गईं, जिनमें से 9,190 करोड़ रुपये की 194 परियोजनाएं पूरी की जा चुकी हैं।

एससीएम के अंतर्गत परियोजनाओं की दावा की गई केंद्रीय वित्तीय सहायता, उपयोग की गई केंद्रीय वित्तीय सहायता तथा परियोजनाओं की पूर्णता दर का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार एवं शहर-वार विवरण अनुलग्नक के रूप में संलग्न है।

(घ) एससीएम के तहत, सभी 100 स्मार्ट शहरों ने एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (आईसीसीसी) स्थापित किए हैं और स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम (आईटीएमएस), सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस-सक्षम अपशिष्ट संग्रहण वाहन, वायु गुणवत्ता सेंसर, आपातकालीन कॉल बॉक्स और स्मार्ट स्ट्रीट लाइट जैसी विभिन्न स्मार्ट बुनियादी ढांचा प्रणालियों को लागू किया है।

(ङ) दिनांक 31.03.2025 को स्मार्ट सिटी मिशन के समापन के पश्चात, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) ने सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को दिनांक 10 जून, 2025 की परामर्शिका संख्या 27 जारी की है। इस परामर्शिका में स्मार्ट शहरों के एसपीवी की परिकल्पित भावी भूमिका तथा आईसीसीसी के निरंतर संचालन के लिए एक रोडमैप की रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। इस परामर्शिका में उभरती शहरी चुनौतियों का सामना करने के लिए एसपीवी के पुनर्प्रयोजन पर बल दिया गया है। राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों को मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली संबंधित उच्चाधिकार प्राप्त संचालन समितियों (एचपीएससी) के माध्यम से शहरी क्षेत्र की प्राथमिकताओं को चिह्नित करने तथा उन क्षेत्रों की मैपिंग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया है, जहां एसपीवी कार्यनीतिक भूमिका निभाना जारी रख सकते हैं।

*****

अनुलग्नक

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत लक्ष्य के विषय में 06 अगस्त, 2026 को लोकसभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 3148 के भाग (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

स्मार्ट सिटी मिशन के अंतर्गत परियोजनाओं, दावा की गई केंद्रीय वित्तीय सहायता, उपयोग की गई केंद्रीय वित्तीय सहायता तथा परियोजनाओं की पूर्णता दर का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार एवं शहर-वार विवरण।

(राशि करोड़ रुपये में)

क्रम संख्या	शहर का नाम	राज्य का नाम	भारत सरकार की निधियों की स्थिति		कुल परियोजनाएं		पूर्ण परियोजनाएं		पूर्णता दर (% में)
			दावा की गई भारत सरकार की निधि	उपयोग की गई भारत सरकार की निधि	परियोजनाओं की संख्या	परियोजनाओं की लागत	परियोजनाओं की संख्या	परियोजनाओं की लागत	
1	गुवाहाटी	असम	490	490	21	755	21	755	100%
2	पटना	बिहार	488	485	34	1,430	34	1,430	100%
3	चंडीगढ़	चंडीगढ़	490	490	97	2,694	97	2,694	100%
4	अटल नगर	छत्तीसगढ़	488	476	52	944	52	944	100%
5	दाहोद	गुजरात	417	414	36	984	36	984	100%
6	राजकोट	गुजरात	490	490	71	2,184	71	2,184	100%
7	सूरत	गुजरात	490	490	87	2,694	87	2,694	100%
8	वडोदरा	गुजरात	490	489	52	1,943	52	1,943	100%
9	रांची	झारखंड	490	490	26	1,847	26	1,847	100%
10	शिवमोग्गा	कर्नाटक	490	490	112	1,381	112	1,381	100%
11	तुमकुरु	कर्नाटक	490	490	217	2,099	217	2,099	100%
12	भोपाल	मध्य प्रदेश	490	490	82	2,791	82	2,791	100%
13	इंदौर	मध्य प्रदेश	490	490	231	3,751	231	3,751	100%
14	जबलपुर	मध्य प्रदेश	490	490	130	2,197	130	2,197	100%
15	पुणे	महाराष्ट्र	490	490	55	3,333	55	3,333	100%
16	सोलापुर	महाराष्ट्र	490	490	49	1,587	49	1,587	100%
17	कोहिमा	नागालैंड	490	477	40	689	40	689	100%
18	उदयपुर	राजस्थान	490	490	143	1,717	143	1,717	100%
19	कोयंबटूर	तमिलनाडु	490	490	72	1,455	72	1,455	100%
20	इरोड़	तमिलनाडु	490	486	55	1,304	55	1,304	100%
21	मदुरै	तमिलनाडु	490	490	16	1,900	16	1,900	100%
22	सलेम	तमिलनाडु	490	490	114	1,861	114	1,861	100%
23	थूथुकुडी	तमिलनाडु	490	482	75	1,038	75	1,038	100%
24	तिरुचिरापल्ली	तमिलनाडु	490	489	83	1,548	83	1,548	100%

क्रम संख्या	शहर का नाम	राज्य का नाम	भारत सरकार की निधियों की स्थिति		कुल परियोजनाएं		पूर्ण परियोजनाएं		पूर्णता दर (% में)
			दावा की गई भारत सरकार की निधि	उपयोग की गई भारत सरकार की निधि	परियोजनाओं की संख्या	परियोजनाओं की लागत	परियोजनाओं की संख्या	परियोजनाओं की लागत	
25	तिरुनेलवेली	तमिलनाडु	490	480	81	1,817	81	1,817	100%
26	तिरुपुर	तमिलनाडु	490	489	28	2,833	28	2,833	100%
27	अगरतला	त्रिपुरा	490	490	77	808	77	808	100%
28	आगरा	उत्तर प्रदेश	490	490	62	2,369	62	2,369	100%
29	बरेली	उत्तर प्रदेश	490	485	88	1,476	88	1,476	100%
30	झांसी	उत्तर प्रदेश	490	490	78	1,868	78	1,868	100%
31	कानपुर	उत्तर प्रदेश	490	489	91	3,060	91	3,060	100%
32	मुरादाबाद	उत्तर प्रदेश	490	490	41	1,503	41	1,503	100%
33	वाराणसी	उत्तर प्रदेश	490	490	117	3,342	117	3,342	100%
34	न्यू टाउन कोलकाता	पश्चिम बंगाल	490	487	226	1,460	225	1,435	99%
35	अजमेर	राजस्थान	490	490	179	2,224	178	2,209	99%
36	प्रयागराज	उत्तर प्रदेश	490	489	146	2,295	145	2,250	99%
37	दावणगेरे	कर्नाटक	490	490	128	1,976	127	1,947	99%
38	सहारनपुर	उत्तर प्रदेश	490	489	115	1,292	114	1,245	99%
39	तंजावुर	तमिलनाडु	490	488	103	996	102	989	99%
40	लखनऊ	उत्तर प्रदेश	490	490	103	2,126	102	2,115	99%
41	कोटा	राजस्थान	490	484	87	2,154	86	2,139	99%
42	जयपुर	राजस्थान	490	484	170	2,545	168	2,483	99%
43	शिमला	हिमाचल प्रदेश	488	478	211	896	208	840	99%
44	अहमदाबाद	गुजरात	490	490	70	2,655	69	2,626	99%
45	रायपुर	छत्तीसगढ़	453	453	342	1,745	337	1,696	99%
46	जम्मू	जम्मू और कश्मीर	489	459	127	2,969	125	2,940	98%
47	बेंगलुरु	कर्नाटक	488	456	57	1,054	56	1,031	98%
48	नासिक	महाराष्ट्र	444	444	53	3,197	52	3,026	98%
49	वेल्लोर	तमिलनाडु	490	489	53	2,096	52	2,083	98%
50	अलीगढ़	उत्तर प्रदेश	490	490	52	1,830	51	1,730	98%
51	पणजी	गोवा	490	470	51	1,051	50	1,043	98%
52	कोच्चि	केरल	490	490	98	1,761	96	1,734	98%
53	चेन्नई	तमिलनाडु	490	490	49	1,104	48	1,097	98%
54	उज्जैन	मध्य प्रदेश	490	490	95	1,613	93	1,589	98%
55	बेलगावी	कर्नाटक	490	490	217	2,780	212	2,722	98%
56	गांधीनगर	गुजरात	490	463	43	1,046	42	846	98%

क्रम संख्या	शहर का नाम	राज्य का नाम	भारत सरकार की निधियों की स्थिति		कुल परियोजनाएं		पूर्ण परियोजनाएं		पूर्णता दर (% में)
			दावा की गई भारत सरकार की निधि	उपयोग की गई भारत सरकार की निधि	परियोजनाओं की संख्या	परियोजनाओं की लागत	परियोजनाओं की संख्या	परियोजनाओं की लागत	
57	हुबली-धारवाड़	कर्नाटक	490	444	81	1,950	79	1,835	98%
58	श्रीनगर	जम्मू और कश्मीर	452	452	161	3,634	157	3,532	98%
59	सागर	मध्य प्रदेश	490	489	80	1,782	78	1,607	98%
60	तिरुवनंतपुरम	केरल	488	488	79	1,242	77	1,179	97%
61	राउरकेला	ओडिशा	490	490	75	1,517	73	1,370	97%
62	देहरादून	उत्तराखंड	490	484	33	1,144	32	939	97%
63	विशाखापत्तनम	आंध्र प्रदेश	490	479	65	1,695	63	1,613	97%
64	भुवनेश्वर	ओडिशा	490	490	32	2,072	31	2,057	97%
65	गंगटोक	सिक्किम	488	447	29	744	28	735	97%
66	सतना	मध्य प्रदेश	490	483	86	1,363	83	1,262	97%
67	ग्वालियर	मध्य प्रदेश	490	490	84	1,633	81	1,416	96%
68	भागलपुर	बिहार	490	486	27	1,504	26	1,494	96%
69	धर्मशाला	हिमाचल प्रदेश	490	477	80	656	77	611	96%
70	ठाणे	महाराष्ट्र	490	490	52	1,712	50	1,402	96%
71	पिंपरी-चिंचवाड़	महाराष्ट्र	490	490	25	1,304	24	1,172	96%
72	औरंगाबाद	महाराष्ट्र	490	490	47	2,835	45	2,690	96%
73	अमृतसर	पंजाब	490	484	44	1,911	42	1,805	95%
74	पासीघाट	अरुणाचल प्रदेश	490	486	43	512	41	458	95%
75	एनडीएमसी	दिल्ली	343	317	127	997	121	884	95%
76	जालंधर	पंजाब	490	445	78	1,186	74	1,023	95%
77	बिलासपुर	छत्तीसगढ़	429	403	126	1,765	118	1,605	94%
78	बिहारशरीफ	बिहार	433	418	61	1,449	57	1,252	93%
79	मंगलुरु	कर्नाटक	490	457	105	2,579	98	2,484	93%
80	नामची	सिक्किम	490	464	26	917	24	781	92%
81	लुधियाना	पंजाब	490	490	82	1,389	74	1,320	90%
82	करनाल	हरियाणा	490	432	117	1,207	105	801	90%
83	तिरुपति	आंध्र प्रदेश	392	388	104	2,083	92	1,649	88%
84	पुडुचेरी	पुडुचेरी	343	338	80	595	70	328	88%
85	काकीनाडा	आंध्र प्रदेश	490	485	92	1,908	80	1,731	87%
86	मुजफ्फरपुर	बिहार	490	445	30	860	26	747	87%
87	ग्रेटर वारंगल	तेलंगाना	377	377	119	1,800	103	1,499	87%
88	इंफाल	मणिपुर	398	348	27	513	23	346	85%
89	नागपुर	महाराष्ट्र	490	490	47	1,768	40	1,588	85%

क्रम संख्या	शहर का नाम	राज्य का नाम	भारत सरकार की निधियों की स्थिति		कुल परियोजनाएं		पूर्ण परियोजनाएं		पूर्णता दर (% में)
			दावा की गई भारत सरकार की निधि	उपयोग की गई भारत सरकार की निधि	परियोजनाओं की संख्या	परियोजनाओं की लागत	परियोजनाओं की संख्या	परियोजनाओं की लागत	
90	कल्याण-डोंबिवली	महाराष्ट्र	490	490	19	1,245	16	721	84%
91	दीव	दमन और दीव	386	386	52	1,148	43	1,093	83%
92	करीमनगर	तेलंगाना	429	429	49	1,094	40	1,022	82%
93	फरीदाबाद	हरियाणा	490	490	44	929	35	763	80%
94	ईटानगर	अरुणाचल प्रदेश	488	409	32	521	25	422	78%
95	शिलांग	मेघालय	490	445	13	517	10	453	77%
96	अमरावती	आंध्र प्रदेश	488	488	19	903	14	746	74%
97	आइजोल	मिजोरम	490	431	45	508	33	290	73%
98	कवरत्ती	लक्षद्वीप	183	45	12	289	8	11	67%
99	पोर्ट ब्लेयर	अंडमान निकोबार द्वीप समूह	306	245	18	511	9	72	50%
100	सिलवासा	दादरा और नगर हवेली	392	389	29	853	14	432	48%
	कुल		**47,320**	**46,254**	**8,064**	**1,64,811**	**7,790**	**1,56,257**	**97%**
	गैर-चयनित स्मार्ट सिटी		18	18					
	सुल्तानपुर लोधी		120	105					
	कुल योग		**47,458**	**46,377**					

(दिनांक 31.03.2026 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों/स्मार्ट सिटी मिशन द्वारा दी गई जानकरी के अनुसार)

*****